नवभारत
भोपाल, मंगलवार 28 जुलाई 2026

कारगिल दिवस पर गूंजे देशभक्ति के स्वर

▶ छात्राओं ने दिया राष्ट्रीय एकता का संदेश

नर्मदापुरम, 27 जुलाई. शासकीय गृहविज्ञान अग्रणी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नर्मदापुरम में प्राचार्य डॉ. संगीता अहिरवार के निर्देशन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना जिला संगठक डॉ. हर्षा चचाने के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के संयुक्त तत्वावधान में कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में 26 जुलाई से 8 अगस्त 2026 तक विभिन्न देशभक्ति एवं जागरूकता कार्यक्रमों तथा प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है.

कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत 26 जुलाई को कारगिल युद्ध के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर शुभारंभकिया गया. इस अवसर पर दो मिनट का मौन रखकर राष्ट्र की रक्षा के लिए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सैनिकों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई. उपस्थित सभी ने उनके अदम्य साहस, शौर्य, त्याग एवं राष्ट्रभक्ति को नमन किया.

इसी क्रम में सोमवार, 27 जुलाई 2026 को महाविद्यालय परिसर में राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया गया. छात्राओं ने देशभक्ति से ओतप्रोत प्रेरक नारों के माध्यम से राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता का संदेश देते हुए वातावरण को देशभक्ति से सराबोर कर दिया. प्राचार्य डॉ. संगीता अहिरवार ने अपने उद्बोधन में कहा कि कारगिल विजय दिवस केवल एक ऐतिहासिक विजय का स्मरण नहीं, बल्कि हमारे वीर सैनिकों के अदम्य साहस, त्याग, समर्पण और राष्ट्रभक्ति को नमन करने का अवसर है. उन्होंने छात्राओं से राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा एवं देशसेवा की भावना को अपने जीवन में आत्मसात करने ह्वान किया.कार्यक्रम वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. भारती दुबे, डॉ. पुष्पा दुबे, डॉ. रश्मि श्रीवास्तव, डॉ. पी. आर. मानकर, डॉ. विनीत अग्रवाल, डॉ. आर.बी. शाह, डॉ. सी.एस. राज, डॉ. धर्मेंद्र सिंह, प्रेमकांत कटंगकार, रक्षा बरकड़े, राष्ट्रीय कैडेट कोर अधिकारी मनीषा बाघमारे तथा राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी सुश्री पूजा गोस्वामी के नेतृत्व में आयोजित किया गया. कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, कर्मचारी एवं छात्राओं की गरिमामयी उपस्थिति रही.

स्कूली वाहनों की होगी सख्त मॉनिटरिंग

हरदा ,27 जुलाई. कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने जिला शिक्षा विभाग को निर्देश दिए हैं कि स्कूलों में बच्चों के परिवहन में लगे सभी वाहनों की विस्तृत जानकारी संकलित की जाए. साथ ही प्रत्येक विद्यार्थी किस वाहन से स्कूल आता-जाता है, इसका अद्यतन रिकॉर्ड भी तैयार रखा जाए, ताकि विद्यार्थियों की सुरक्षा और परिवहन व्यवस्था पर प्रभावी निगरानी रखी जा सके.

पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि निराश्रित गोवंश सड़कों पर दिखाई न दे. ऐसे पशुओं को तत्काल गौशालाओं में शिफ्ट किया जाए. उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में जलकर वसूली में तेजी लाने के भी निर्देश दिए. वहीं नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को आवारा सुअरों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए आवश्यक कार्रवाई करने को कहा.

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो की मौत

▶ पिपरिया-पचमढ़ी मार्ग पर अज्ञात वाहन से टक्कर

▶ घायल को प्राथमिक उपचार के बाद नर्मदापुरम रेफर

पिपरिया, 27 जुलाई. पिपरिया-पचमढ़ी मार्ग पर डोकरीखेड़ा के पास मोड़ पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया. घायल को प्राथमिक उपचार के बाद नर्मदापुरम रेफर किया गया.

जानकारी के अनुसार, पिपरिया से बाजार कर अपने गांव लौट रहे रामकुमार पिता लखन सिंह ठाकुर (40 वर्ष), निवासी डोकरीखेड़ा, धनराज पिता छोटेलाल ठाकुर (30 वर्ष), निवासी डापका तथा विनोद पिता अखेराम ठाकुर (31 वर्ष), निवासी डोकरीखेड़ा को एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी.

दुर्घटना में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल शासकीय चिकित्सालय लाया गया, जहां डॉ. रवि मेघवानी ने रामकुमार ठाकुर एवं धनराज ठाकुर को मृत घोषित कर दिया. दोनों के पेट, जांघ, सिर एवं शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई थीं.वहीं विनोद ठाकुर के कान, सिर, घुटनों एवं हाथ में गंभीर चोटें आईं. प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए नर्मदापुरम रेफर कर दिया गया.पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है.

एक नजर में

वित्तीय साक्षरता शिविर आयोजित

पिपरिया, 27 जुलाई. ग्राम रिछेड़ा में आरोह फाउंडेशन द्वारा वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को बैंकिंग सेवाओं, बचत तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं के प्रति जागरूक करना था. कार्यक्रम में देवेंद्र पटेल ने ग्रामीणों को सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना तथा अटल पेंशन योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी. उन्होंने बताया कि इन योजनाओं के माध्यम से कम आय वाले परिवार भी अपने भविष्य को सुरक्षित बना सकते हैं. साथ ही ग्रामीणों को नियमित बचत करने के लिए प्रेरित किया. इसके अतिरिक्त साइबर फ्रॉड से बचाव, एटीएम एवं यूपीआई के सुरक्षित उपयोग तथा जल संरक्षण के महत्व की भी जानकारी दी गई. कार्यक्रम में बृजेश प्रजापति ने शासन की विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी. इस अवसर पर ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति रिछेड़ा के संजू पूर्विया, कन्हैयालाल, कविता सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला एवं पुरुष उपस्थित रहे.

पंचायतों में नरवाई प्रबंधन पर सभाएं आयोजित

पिपरिया, 27 जुलाई. नरवाई प्रबंधन एवं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के संबंध में पिपरिया एवं बनखेड़ी की ग्राम पंचायतों में किसान पाठशाला सह ग्रामसभा का आयोजन किया गया. कलेक्टर एवं एसडीएम के निर्देश पर आयोजित कार्यक्रम में किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई की जानकारी दी गई. अधिकारियों ने बताया कि ऋणी एवं अऋणी दोनों प्रकार के किसान योजना का लाभ ले सकते हैं. उन्होंने बताया कि किसान अपना पंजीकरण निकटतम बैंक, सहकारी समिति अथवा सीएससी सेंटर पर ऑनलाइन करा सकते हैं. आवेदन के लिए आधार कार्ड, बैंक पासबुक, भूमि संबंधी दस्तावेज, खसरा-खतौनी एवं बुवाई का प्रमाण पत्र आवश्यक हैं. अधिकारियों ने बताया कि सूखा, अतिवृष्टि, बाढ़ तथा कीट प्रकोप से फसलों को होने वाले नुकसान की स्थिति में योजना के तहत आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है. इस अवसर पर रासायनिक उर्वरकों के संतुलित उपयोग की जानकारी भी दी गई तथा किसानों को नरवाई प्रबंधन के लिए प्रेरित किया गया. साथ ही नरवाई प्रबंधन संबंधी कृषि यंत्र खरीदने के इच्छुक किसानों की सूची तैयार कर कृषि विभाग को उपलब्ध कराई गई. कार्यक्रम में नोडल अधिकारी, पंचायत सचिव, हल्का पटवारी, रोजगार सहायक एवं कृषि विभाग के एईओ उपस्थित रहे.

टोल वसूली को लेकर नागरिकों में आक्रोश

पिपरिया, 27 जुलाई. पिपरिया-बनखेड़ी-जबलपुर मार्ग पर एमपीआरडीसी द्वारा सड़क की मरम्मत किए बिना टोल वसूली शुरू किए जाने से ट्रांसपोर्टरों एवं वाहन चालकों में भारी आक्रोश व्याप्त हो गया. विरोध के चलते बनखेड़ी रोड पर कुछ समय के लिए चक्काजाम की स्थिति बन गई. पिपरिया-बनखेड़ी-जबलपुर मार्ग पर एमपीआरडीसी द्वारा ठेके के माध्यम से टोल वसूली की जाती थी. 25 जुलाई को ठेकेदार का अनुबंध समाप्त होने के बाद 26 जुलाई से एमपीआरडीसी ने स्वयं टोल वसूली शुरू कर दी. हल्के वाहनों (एलसीवी) से 80 रुपये, ट्रक से 195 रुपये तथा मल्टी एक्सल ट्रक से 390 रुपये का टोल लिया जा रहा है. ट्रांसपोर्टरों एवं वाहन चालकों का कहना है कि वर्षों से टोल वसूला जा रहा है, लेकिन पिपरिया से गाडरवाड़ा तक सड़क की हालत अत्यंत खराब है. जगह-जगह बड़े गड्ढों के कारण कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं तथा भारी वाहनों को भी नुकसान उठाना पड़ रहा है. रविवार को नाराज वाहन चालकों ने बनखेड़ी मार्ग पर चक्काजाम कर दिया. सूचना मिलने पर एमपीआरडीसी के डीएम विक्रम सिंह ठाकुर, तहसीलदार एवं पुलिस बल मौके पर पहुंचे. चर्चा के दौरान अधिकारियों ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार टोल वसूली की जा रही है. इस पर नागरिकों एवं ट्रांसपोर्टरों ने कहा कि सड़क की मरम्मत किए बिना टोल वसूली उचित नहीं है. जवाब में अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि टोल वसूली के साथ-साथ सड़क की मरम्मत भी कराई जाएगी. एमपीआरडीसी के डीएम विक्रम सिंह ठाकुर ने कहा कि टोल वसूली जारी रहेगी तथा सड़क के गड्ढों को भी शीघ्र भरवाया जाएगा, इस दौरान आरटीआई लगाने की बात भी सामने आई.

किसान के घर से 60 लाख रुपए के गहने चोरी

▶ चोरी की वारदात सीसीटीवी कैमरे हुई कैद

हरदा , 27 जुलाई. बीती रात एक किसान के घर से चोरों ने लगभग 60 लाख रुपए के गहने एवं नकद चुराएं है,चोरी की यह वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई है. प्राप्त जानकारी के अनुसार टिमरनी थाना अंतर्गत ग्राम डगाँवनीमा में बीती रात एक किसान के घर में रात को लगभग 3 बजे के तकरीबन चोर खिड़की के रास्ते घर में घुसे और लगभग 60 लाख रुपये की चोरी कर फरार हो गए. परिवार के सदस्यों के सोते रहने के दौरान चोरों ने वारदात को अंजाम दिया.

इस वारदात के बाद क्षेत्र में पुलिस की रात्रि गश्त और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हुए हैं.

प्राप्त जानकारी के अनुसार किसान रूपसिंह जाट के घर से चोर एक पेटी ले गए, जिसमें करीब 20 तोला सोना, चांदी के आभूषण और लगभग 3 लाख रुपये नकद रखे थे.चोरी गए सामान की अनुमानित कीमत 60 लाख रुपये बताई जा रही है. चोर ने अलमारी का सामान भी बिखेर दिया।पीड़ित किसान रूपसिंह जाट ने बताया कि वारदात को अंजाम देने से पहले चोर ने गांव में विजेश जाट और आनंद जाट के घरों में भी घुसने का प्रयास किया था, लेकिन वहां वह चोरी करने में सफल नहीं हो सका.

चोरी की पूरी वारदात घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिससे पुलिस को अहम सुराग मिलने की उम्मीद है. उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत में लगे सीसीटीवी कैमरे और स्ट्रीट लाइटें लंबे समय से बंद पड़ी हैं, जिससे चोरों की गतिविधियों को अन्य स्थानों पर रिकॉर्ड नहीं किया जा सका.

चोरी की वारदात के बाद सुबह जब परिवार की नींद खुली, तो घर का सामान बिखरा पड़ा था और आभूषणों व नकदी से भरी पेटी गायब थी. सूचना मिलते ही टिमरनी पुलिस मौके पर पहुंची, मौका पंचनामा तैयार किया और जांच शुरू कर दी। पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है.

> ग्रामीणों के अनुसार, यह पहली चोरी नहीं है; करीब सात माह पहले भी गांव में चोरी हुई थी, जिसका आज तक खुलासा नहीं हो सका है. लगातार हो रही चोरियों से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है. उन्होंने पुलिस प्रशासन से रात्रि गश्त बढ़ाने, गांव में बंद पड़े सीसीटीवी कैमरे और स्ट्रीट लाइट चालू कराने तथा जल्द से जल्द चोरों को गिरफ्तार करने की मांग की है. टिमरनी थाना उपनिरीक्षक उदय चौहान ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची है. जांच की जा रही है कि कितने मूल्य का सामान चोरी हुआ है. आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी जा रही है. चोरों की तलाश जारी है.

प्रदोष व्रत एवं कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न

हरदा , 27 जुलाई.अखिल भारतीय अग्रवाल महिला महासभा, हरदा की पदाधिकारी बहनों द्वारा प्रदोष व्रत के पावन अवसर एवं कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में खाटू श्याम बाबा मंदिर, बाबा भोलेनाथ मंदिर प्रांगण तथा पंचमुखी हनुमान मंदिर परिसर, प्रताप सिटी कॉलोनी, खंडवा बाईपास पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया.

जिला मीडिया प्रभारी हेमलता अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि संस्था द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के संकल्प के साथ विभिन्न छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण किया गया. सभी पदाधिकारी बहनों ने पौधों के संरक्षण, नियमित देखभाल एवं उन्हें विशाल वृक्ष के रूप में विकसित करने का संकल्प भी लिया.उन्होंने बताया कि इस वृक्षारोपण अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज, नगर एवं युवा पीढ़ी को अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित करना है, ताकि वातावरण स्वच्छ, शुद्ध एवं हरियाली से परिपूर्ण बना रहे.

कारगिल विजय दिवस के अवसर पर उपस्थित सभी पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्यों ने देश की रक्षा में अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले अमर वीर सैनिकों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके अदम्य साहस, राष्ट्रभक्ति और त्याग को नमन किया. देश की सुख-शांति, उन्नति, समृद्धि एवं अखंडता की कामना करते हुए यह संदेश दिया गया कि जिस प्रकार हमारे वीर जवानों ने राष्ट्र की रक्षा की, उसी प्रकार प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह पर्यावरण की रक्षा कर भावी पीढ़ी के लिए सुरक्षित एवं हरित भारत के निर्माण में अपना योगदान दे.

कार्यक्रम के दौरान भगवान खाटू श्याम, भगवान भोलेनाथ एवं पंचमुखी हनुमान जी की पूजा अर्चना के साथ ही आगामी कार्ययोजना पर भी विस्तृत चर्चा की गई, जिसमें पर्यावरण संरक्षण से जुड़े विभिन्न सामाजिक एवं जन-जागरूकता कार्यक्रमों को और अधिक प्रभावी रूप से संचालित करने पर सहमति बनी.

नशा मुक्त कार्यक्रम आयोजित

▶ प्रतियोगिताओं में युवाओं ने दिखाई प्रतिभा

हरदा, 27 जुलाई . मेरा युवा भारत, हरदा द्वारा जनपद पंचायत टिमरनी में 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत' अभियान के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम में कविता, भाषण, चित्रकला, नृत्य, गायन, नुक्कड़ नाटक एवं ऑनलाइन स्लोगन प्रतियोगिताओं में जिलेभर के युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया.

मुख्य अतिथि एसडीओपी आकांक्षा तलैया, थाना प्रभारी संतोष श्रीवास्तव, राष्ट्रीय कवि मुकेश शांडिल्य एवं सेवानिवृत्त शिक्षक राजेंद्र उपाध्याय ने युवाओं से नशे से दूर रहकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया. विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया. जिला युवा अधिकारी श्रद्धा मित्तल ने प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया.

खिलाड़ियों ने ली नशा मुक्त रहने की शपथ

पिपरिया, 27 जुलाई.पुलिस विभाग एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में शासन द्वारा संचालित नशे से दूरी है जरूरी 2.0 जन-जागरूकता अभियान के अंतर्गत आर.एन.ए. स्कूल खेल मैदान, पिपरिया में नियमित अभ्यास करने वाले खिलाड़ियों ने नशामुक्त रहने तथा समाज से नशे की कुरीतियों को दूर करने की शपथ ली. पुलिस विभाग के सहायक उपनिरीक्षक पर्वत सिंह ने खिलाड़ियों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देते हुए दूर रहने का आह्वान किया..

मदिरा के अवैध विक्रय व संग्रहण के विरूद्ध 7 प्रकरण दर्ज

हरदा , 27 जुलाई. कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के निर्देशन व जिला आबकारी अधिकारी सुनील भोजने के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग के दल नें रविवार को मदिरा के अवैध विक्रय, परिवहन व संग्रहण के विरूद्ध हाईवे किनारे शराब पिलाने वाले रेस्टोरेन्ट पर कार्यवाही की.

जिला आबकारी अधिकारी भोजने ने बताया कि इस दौरान आबकारी विभाग के दल ने प्रिंस ढाबा, पंडित जी ढाबा मनियाखेड़ी व उसकल्ली, सांवरिया ढाबा, राजपूत ढाबा उसकल्ली, चंपा दादा ढाबा नांदवा, राजस्थान ढाबा के साथ-साथ बिरजाखेड़ी, टिमरनी व चारखेड़ा में छापेमारी की. इस दौरान 44 पाव देशी मदिरा प्लेन, 8 पाव ऑफिसर च्वाइस, एक-एक बॉटल सिग्नेचर व्हिस्की एवं वी21 वोडका एवं 210 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त कर आबकारी अधिनियम 1915 के तहत कुल 7 प्रकरण दर्ज किये. जप्त किये गये मुद्देमाल का अनुमानित बाजार मूल्य 28559 रूपये है.

ग्राम कायदा में जागरूकता कार्यक्रम सम्पन्न

हरदा,27जुलाई. कलेक्टर सिद्धार्थ जैन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी विवेक शर्मा के मार्गदर्शन तथा वन स्टॉप सेंटर प्रशासक श्रीमती सुचिता इक्का के नेतृत्व में शासकीय पी एम श्री हायर सेकंडरी स्कूल कायदा में वन स्टॉप सेंटर एवं मिशन वात्सल्य योजना अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया.

कार्यक्रम में वन स्टॉप सेंटर केस वर्कर सुश्री रितु राजपूत ने छात्र-छात्राओं को वन स्टॉप सेंटर योजना के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए केंद्र में दी जाने वाली परामर्श सहायता, निशुल्क विधिक सहायता, आश्रय सहायता, चिकित्सा व पुलिस सहायता, विभिन्न हेल्पलाइन नंबर महिला हेल्पलाइन 181, आपातकालीन सहायता 112, साइबर अपराध से सुरक्षा नंबर 1930, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की जानकारी दी। मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत बाल संरक्षण कानून, बच्चों के अधिकारों की रक्षा, अनाथ एवं बेसहारा बच्चों को संरक्षण, गोद लेना, स्पॉन्सरशिप, फॉस्टर केयर, संघर्षरत बच्चों का मानसिक-सामाजिक सहयोग आदि की जानकारी देते हुये बाल विवाह के दुष्परिणाम, कानूनी प्रावधानों के बारे में अवगत कराया. कार्यक्रम में शासकीय पी एम श्री हायर सेकंडरी स्कूल कायदा के प्रभारी प्राचार्य कमल सिंह भलावी, शिक्षकगण एवं छात्र- छात्राओं और वन स्टॉप सेंटर का स्टाफ कार्यक्रम में उपस्थित रहा.

आयोजन ▶ 100 से अधिक गायकों ने अपनी सुरीली प्रस्तुतियों से श्रोताओं का मन मोह लिया

पौधों का वितरण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

हरदा , 27 जुलाई. आर्यन जनसेवा फाउंडेशन द्वारा माँ रेवा गार्डन में आयोजित 24 घंटे का लगातार लाइव कराओके एवं सिंगिंग कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ. हरदा जिले में पहली बार आयोजित इस अनूठे आयोजन में 100 से अधिक गायकों ने अपनी सुरीली प्रस्तुतियों से श्रोताओं का मन मोह लिया. पूरे 24 घंटे तक संगीत की मधुर स्वर लहरियां गूंजती रहीं और बड़ी संख्या में संगीत प्रेमियों ने कार्यक्रम का आनंद लिया.

कार्यक्रम का शुभारंभ नगरपालिका अध्यक्ष भारती कमेडिया, वरिष्ठ पत्रकार प्रह्लाद शर्मा एवं ज्ञानेश चौबे ने किया. आयोजन में हरदा विधायक डॉ. आर.के. दोगने, पूर्व नपाध्यक्ष सुरेन्द्र जैन, श्रीमती सलोनी सिद्धार्थ जैन, नगर मंडल अध्यक्ष नीतेश बादर सहित कई जनप्रतिनिधियों, पत्रकारों और गणमान्य नागरिकों ने भी मंच पर गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम को यादगार बना दिया.

इस दौरान पुलिस प्रशासन ने मंच से नशा मुक्ति का संदेश देते हुए उपस्थित लोगों को नशा न करने की शपथ दिलाई तथा युवाओं से स्वस्थ और सकारात्मक जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया. समापन समारोह में सभी सहभागी गायकों को प्रशस्ति-पत्र एवं पौधे भेंट कर सम्मानित किया गया. पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के उद्देश्य से पौधों का वितरण भी कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहा. फाउंडेशन के टीम सदस्य जय पुजारी ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य स्थानीय प्रतिभाओं को एक सशक्त मंच उपलब्ध कराना था. उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के लिए उत्तम तेनगुरिया ने माँ रेवा गार्डन निशुल्क उपलब्ध कराया, जबकि दीपक नेमा ने 11,000 की सहयोग राशि प्रदान की.

बाघ पखवाड़ा पर किया जागरूक

पिपरिया, 27 जुलाई. अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस-2026 के उपलक्ष्य में सतपुड़ा टाइगर रिजर्व द्वारा 29 जुलाई तक 'बाघ पखवाड़ा' मनाया जा रहा है. अभियान का उद्देश्य बाघ संरक्षण, जैव विविधता एवं प्राकृतिक आवासों की सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करना तथा उत्तरदायी पर्यटन को बढ़ावा देना है.

बागड़ा परिक्षेत्र में विभिन्न विद्यालयों के लगभग 80 छात्र-छात्राओं के बीच क्विज, पाम पेंटिंग एवं टेराकोटा पेंटिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों को वन एवं वन्यजीव संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया. उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया. इसी क्रम में ग्राम झिरिया एवं मुआर में लगभग 40 ग्रामीणों के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें बाघ संरक्षण के महत्व से अवगत कराया गया. साथ ही मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं को कम करने के लिए मवेशियों की स्टॉल फीडिंग अपनाने तथा आवश्यक सावधानियों की जानकारी दी गई.

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के डॉग स्क्वॉड द्वारा बागड़ा रेलवे स्टेशन पर सघन सर्च अभियान चलाया गया. इस दौरान यात्रियों एवं ग्राम बागड़ा के लगभग 60 ग्रामीणों को वन एवं वन्यजीव संरक्षण के प्रति जागरूक करते हुए विभागीय प्रयासों में सहयोग की अपील की गई.

इसके अतिरिक्त पिपरिया के व्यस्त दुर्गा मंदिर चौराहे पर स्थापित एलईडी स्क्रीन के माध्यम से 29 जुलाई तक बाघ संरक्षण संबंधी जन-जागरूकता संदेशों का लगातार प्रसारण किया जा रहा है. इस मार्ग से बड़ी संख्या में पर्यटक पचमढ़ी की यात्रा करते हैं, जिससे व्यापक स्तर पर जागरूकता का प्रभावी प्रसार हो रहा है.

बाघ पखवाड़ा' अभियान के अंतर्गत अब तक कुल 13,400 नागरिकों एवं छात्र-छात्राओं को बाघ संरक्षण, वन्यजीव संरक्षण तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा चुका है.